# निविदा

संशोधित राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 736 चिन्हित बलगम जाँच केन्द्रों जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक संचालित है, बलगम जाँच हेतु प्रयुक्त लगभग 855 Binocular Microscope एवं लगभग 69 LED-Fluorescent Microscope के वार्षिक रख-रखाव (Annual Maintenance Contract) हेतु एक वर्ष के लिए निर्माणकर्त्ता /अधिकृत प्रतिष्ठान से दर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिये अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है । निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा । निविदा खालेते समय निविदादाता स्वंय/प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है ।

**निविदा दो प्रकार का होगा - (1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा**

**इच्छुक निविदादाता सीलबंद प्रस्ताव निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अंकित कर दो लिफाफे में सील कर एक बडे लिफाफे में प्रेषित करेंगे ।**

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- **15 नवम्बर, 2018**

निविदा जमा करने एवं खोलने का स्थान :- **टी0बी0डी0सी0 अगमकुऑ, पटना-07**

निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **16 नवम्बर, 2018**

## शर्त

1. निविदा प्रपत्र में अंकित दर के अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य भुगतान देय नहीं होगा ।
2. वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध के अनरूप माइक्रोस्कोप किसी भी स्थिति में अक्रियाशील नहीं होना चाहिए । माइक्रोस्कोप के अकार्यरत रहने की सूचना सक्षम स्तर से निबंधित होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर माइक्रोस्कोप के मरम्मत करना आवश्यक होगा । 3 दिनों के पश्चात् प्रति दिन 500/-रू0 की दर से चयनित निविदादाता पर जुर्माना अधिरोपित कर उसकी कटौती वार्षिक अनुबंध की राशि से किया जाएगा ।
3. जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के स्वीकृति प्राप्त कर खराब हुए पुर्जा एवं स्पेयर पार्टस यदि कोई बदले जायेंगे एवं उनका बिल दो प्रति में संबंधित जिला यक्ष्मा समिति को दिया जाएगा एवं तदोपरांत जिला स्वास्थ्य समिति- यक्ष्मा द्वारा बिल का भुगतान एक माह में कर दिया जाएगा ।
4. वार्षिक अनुबंध राशि का भुगतान दो छमाही किश्तों में देय होगा जो प्रत्येक छः माह की अवधि समाप्त होने पर राज्य स्वास्थ्य समिति यक्ष्मा द्वारा देय होगा ।
5. सफल निविदादाता संबंधित जिला यक्ष्मा केन्द्रों के अधीन स्थापित माईकोस्कोप को चिन्हित कर एक लेवल ऐजेन्सी एवं संबंधित पदाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से चिपकाया जाएगा ताकि चयनित / चिन्हित माईक्रोस्कोप का वार्षिक रख-रखाव सुनिश्चित किया जा सके ।
6. चयनित ऐजेन्सी को चयन के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर जमानत के रूप में 1,00,000/- रूपये बैंक ड्राफ्ट,/ बैंक गारंटी Revised National Tuberculosis Control Programme (RNTCP) के नाम से जमा करने के उपरांत 1000/- का ननजुडिसियल स्टाम्प पर अनुबंध करना होगा । समय समाप्ति के बाद बिना व्याज के राशि वापस कर दी जाएगी । यदि निविदादाता अनुबंध अवधि में निविदा-शर्तो एवं एकरारनामा के अनुरूप कार्य में विफल रहता है तो शर्तो का भंग होना मानते हुए जमानत की राशि प्राप्त कर ली जाएगी ।
7. वैधानिक मामलों के निष्पादन हेतु न्यायिक क्षेत्र पटना रहेगा ।
8. गैर-अपराधी प्रमाण पत्र/काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ-पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।
9. सरकारी प्रतिष्ठानों का भी निहित शर्तो के अधीन ही निविदा देना होगा ।
10. निविदा संबंधी आवश्यक संशोधन अथवा निविदा पूर्णतः रद्द करने का अधिकार समिति / विभाग का होगा ।
11. चयनित एजेन्सी के अनुबंध अवधि में संतोषप्रद कार्य किये जाने एवं एन0एच0एम0 अथवा अन्य स्रोत से इस मद में राशि प्राप्त होने की स्थिति में आपसी सहमति से आवश्यकता अनुरूप एक निर्धारित अवधि तक अनुबंध की अवधि को न्यूनतम अनुमोदित दर पर ही विस्तारित किया जा सकेगा ।
12. विशेष जानकारी हेतु राज्य यक्ष्मा कार्यालय, अगमकुऑ, पटना-07 अथवा दूरभाष संख्या 0612-2636383 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

## तकनिकी निविदा

1. निविदादाता को अपने प्राधिकृत व्यक्ति / पार्टनर्स कार्यालय / निवास का पूर्ण पता फोन न0, माईबाईल नं0 अंकित करना होगा ।
2. निविदादाता का सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट / पार्टनरसिप एक्ट एवं अन्य विधिमान्य नियमों के तहत निबंधित अनिवार्य होगा ।
3. निविदादाता को GST पंजीकरण प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
4. निविदादाता को 3 वर्षो (Assessment Year 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19) का Icome Tax Return Report संलग्न करना होगा ।
5. निविदा के साथ रू0 5000.00 (पाँच हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो Revised National Tuberculosis Control Programme (RNTCP) के नाम से देय होगा, संलग्न करना आवश्यक है । असफल निविदादाता को Rate Contract Final होने के पश्चात् बिना ब्याज के EMD की राशि (5000/-रू0) 30 से 60 दिनों में वापस कर दी जाएगी ।
6. निविदादाता अपने Key Technical Staff की विवरण संलग्न करना होगा ।
7. निविदादाता को समरूप कार्यो का न्यूनतम 2 वर्षो का किसी प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र देना होगा ।
8. निविदादाता के लिए 3 वर्षो (2015-16, 2016-17, 2017-18) का औसत 10 लाख टर्न ओवर हेतु 3 वर्षो (F.Y. 2015-16, 2016-17, 2017-18) का Audited Annual Report की अद्यतन प्रतिवेदन संलग्न करना होगा ।

## वित्तीय निविदा

- RNTCP अन्तर्गत प्रति माइक्रोसकोप के वार्षिक रख-रखाव (Accessories बदलाव सहित) हेतु अधिकतम 2000/-(दो हजार रूपये) प्रति बायोनोकुलर माईक्रोस्कोप एवं अधिकतम 5000/-(पॉच हजार रूपये ) प्रति LED-Fluorescent Microscope निर्धारित है । अतः निविदादाता उक्त अधिसीमा के अंदर ही वित्तीय निविदा में दर अंकित करेगे । निविदा में अंकित दर सभी प्रकार के करो सहित होना चाहिए ।
- माईक्रोस्कोप का वार्षिक रख-रखाव (अनुरक्षण) दर प्रति माईक्रोस्कोप अंकित करेगे ।
- निविदादाता को बायनोकुलर माइक्रोस्कोप के निम्न Accessories का दर सभी प्रकार के करों (Taxes) सहित एवं निर्माणकर्त्ता कम्पनी के नाम सहित अंकित करना होगा ।
- निविदा दर कम्प्यूटराई टंकित / प्रिन्ट होना आवश्यक है, हस्तलिखित मान्य नहीं होगा ।

| Sl.No. | Specification and technical details of parts |
|---|---|
| 1. | Power cord/On-off switch/bulb holder (any of these) |
| 2. | 6V/20-21 W halogen lamp-High lumen, bright light-imported |
| 3. | Power supply unit (complete) New electric system |
| 4. | Power supply unit-Repairing- spare parts kit of electric system |
| 5. | Eye piece-ISI mark, ISO 9001-2000 Co.- Extra Wide field |
| 6. | 10X Objective-ISI mark, ISO 9001-2000 Co |
| 7. | 40X Objective-ISI mark, ISO 9001-2000 Co |
| 8. | 100X Objective-New-ISI mark, ISO 9001-2000 Co |
| 9. | 100X Objective-Rejuvenation-Inner lens assembly kit of 100X |
| 10. | Prism assembly/head unit-New head |
| 11. | Alignment and setting of prism assembly of head |
| 12. | Major damage repairing of coarse fine motion |
| 13. | Minor damage repairing of coarse fine motion |
| 14. | Prism assembly/head unit-Repairing-part kit of head unit. |
| 15. | Complete stage assembly-New ball bearing based M/C stage |
| 16. | Complete stage assembly Repairing part kit of stage assembly |
| 17. | Filter element-Blue/White/Transparent Filter imported |
| 18. | Filter element-Condenser-new |
| 19. | Coarse and find movement drive combined-New |
| 20. | Coarse and find movement drive combined -Parts |
| 21. | Reflector mirror with stand and arch complete assembly |
| 22. | Eye guard, imported to protect eyes from electric shocks |
| 23. | Microscope maintains book/Laminated chart/lens clearing spray |